आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 16.03.2025 समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- चम्पावत जिले के टनकपुर में उत्तर भारत का प्रसिद्ध मां पूर्णागिरी का मेला शुरू।
- भारतीय रिज़र्व बैंक को ब्रिटेन में सेंट्रल बैंकिंग द्वारा डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन अवॉर्ड 2025 के लिए चुना गया।
- ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव–2025 सम्पन्न हुआ, 75 देशों से पन्द्रह सौ से अधिक योग साधकों ने लिया हिस्सा।
- सरकार के स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के लिए टिहरी जिले में सांस्कृतिक दलों के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

**पूर्णागिरी मेला**

चम्पावत जिले के टनकपुर में उत्तर भारत का प्रसिद्ध मां पूर्णागिरी का मेला शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल इसका शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने मेले को वर्षभर संचालित करने और स्थायी बुनियादी ढांचे के विकास की प्रतिबद्धता जताई। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि मेले में भीड़ और आपदा प्रबंधन के लिए ठूलीगाड़ में स्मार्ट कंट्रोल रूम और सीसीटीवी निगरानी तंत्र स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा, सेलागाड़ में बहुउद्देशीय प्रशासनिक भवन बनाया जाएगा, जिसमें मेला मजिस्ट्रेट, मेला अधिकारी, पुलिस और चिकित्सकों के लिए एकीकृत कार्यस्थल होगा। उन्होंने लादीगाड़ में पूर्णागिरि पंपिंग पेयजल योजना और ठूलीगाड़–बाबलीगाड़ पंपिंग परियोजना की भी घोषणा की। श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार मां पूर्णागिरि धाम को एक प्रमुख आध्यात्मिक और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत कुमाऊं के प्रमुख मंदिरों का सौंदर्यीकरण और मार्ग चौड़ीकरण किया जाएगा। उन्होंने पूर्णागिरि में रोपवे निर्माण कार्य की भी जानकारी दी, जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा में सुविधा मिलेगी।

**आर.बी.आई**

भारतीय रिज़र्व बैंक को ब्रिटेन में सेंट्रल बैंकिंग द्वारा डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन अवॉर्ड 2025 के लिए चुना गया है। केंद्रीय बैंक को प्रवाह और सारथी नाम की डिजिटल पहलों के लिए सम्मानित किया गया है। इन्हें बैंक की इन–हाउस टीम द्वारा विकसित किया गया था। पुरस्कार समिति ने कहा है कि इन डिजिटल पहलों से कागज़ के इस्तेमाल में कमी आई है।

**अंतर्राश्ट्रीय योग महोत्सव संपन्न**

ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव–2025 सम्पन्न हुआ। महोत्सव में 75 देशों से पन्द्रह सौ से अधिक योग साधकों ने भाग लिया। सामापन अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा कि गंगा तट पर आयोजित यह अनूठा योग समागम न केवल भारत और उत्तराखंड की प्राचीन परंपरा का प्रतीक है, बल्कि योग के वैश्विक प्रभाव को भी दर्शाता है। योग साधकों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि वे योग के ब्रांड एम्बेसडर हैं और इसका विश्वभर में प्रसार कर रहे हैं। उन्होंने सभी लोगों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

**स्वास्थ्य जागरूकता**

केंदीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के कार्यक्रमों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के लिए टिहरी जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सांस्कृतिक दलों के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सुर सरिता सांस्कृतिक दल ने जिला अस्पताल में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को कन्या भ्रूण हत्या, एचआईवी और जननी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। टिहरी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्याम विजय ने बताया कि स्वास्थ्य संबंधी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए गोष्ठियों, जागरूकता कार्यक्रमों और नुक्कड़ नाटकों को प्रभावी माध्यम बनाया जा रहा है। साथ ही, समाज में फैली स्वास्थ्य संबंधी भ्रांतियों को दूर करने का भी प्रयास किया जा रहा है। सुर सरिता दल के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए कन्या भ्रूण हत्या के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि बेटी नहीं बचेगी, तो जीवन आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने बेटियों को सशक्त बनाने और समाज में उन्हें सम्मान देने की अपील की।

**ऑनलाइन नामांकन शुरू**

अगले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्‌म पुरस्कार–2026 के लिए ऑनलाइन नामांकन शुरू हो गये हैं। नामांकन की अंतिम तारीख 31 जुलाई 2025 है। पद्‌म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन स्वीकार की जाएंगी।

**मौसम**

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार हरिद्वार, उधमसिंह नगर, नैनीताल और चम्पावत को छोड़कर राज्य के अन्य हिस्सों में आज बारिश हो सकती है। विभाग ने राज्य के तीन हजार दो सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले हिस्सों में बर्फबारी का अनुमान भी जताया है। इस बीच, पिछले दो दिनों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी हुई, जिसके चलते तापमान में हल्की गिरावट भी दर्ज की गई है।

## एक नजर आज के सामचार पत्रों की सुर्खियों पर

आज सभी अखबारों ने अलग–अलग सामाचार पत्रों को प्राथमिकता दी है। मतदाता सूची को आधार से लिंक करने की तैयारी। इस ख़बर के साथ दैनिक जागरण लिखता है–विपक्ष के गड़बड़ी के आरोपों के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त ने 18 मार्च को बुलाई बैठक।

बारिश और बर्फबारी की ख़बर लगभग सभी समाचार पत्रों में है। अमर उजाला सचित्र लिखता है– बर्फबारी और बारिश से ठंडक लौटी, आज की भी चेतावनी। दैनिक जागरण लिखता है– बर्फबारी और वर्षा से हाईवे बाधित, जनजीवन प्रभावित। बिजली और पानी के साथ ही रसद की आपूर्ति पर भी पड़ा असर।

उत्तरकाशी के आश्रम में रह रहे जर्मन नागरिक को डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर साइबर ठगों ने तीस लाख रुपए की ठगी की। हिंदुस्तान समाचार पत्र के अनुसार दून साइबर थाने में इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

देहरादून शहर में रात को वाहन दौड़ाने वालों पर पुलिस इंटरसेप्टर से रखेगी नजर। इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण लिखता है– एसएसपी ने तेज रफ्तार और नशे में वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये।